आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–08 जनवरी 2026 सान्ध्य समाचार

केंद्र सरकार ने जनगणना के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। जनगणना का पहला चरण इस वर्ष पहली अप्रैल से तीस सितंबर तक चलेगा। इसके लिए प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में तीस दिन की अवधि निर्धारित होगी। गृह मंत्रालय की अधिसूचना में कहा गया है कि इस अवधि के अनुसार घरों की गिनती शुरू होने से पन्द्रह दिन पहले तक लोगों को खुद भी यह जानकारी दर्ज करने की सुविधा उपलब्ध होगी। एक रिपोर्ट–

देश में पहली बार डिजिटल तरीके से जनगणना की जाएगी। इसके तहत यह आंकडे एन्ड्राएड मोबाइल के साथ–साथ आईओएस वर्जन से एकत्रित किए जाएंगे। जनगणना का आंकडा जमा करने के लिए 30 लाख कर्मचारी तैनात किए जाएंगे। इन कर्मचारियों में एन्यूमरेटर, सुपरवाइजर, मास्टर ट्रेनर, चार्ज ऑफिसर और प्रधान या जिला जनगणना अधिकारी होंगे। ये लोग आंकडे एकत्रित करने के साथ ही निरीक्षण और जनगणना के संचालन की निगरानी करेंगे। जनगणना दो चरणों में होगी। पहले चरण में अप्रैल से सितंबर 2026 के बीच घरों की सूची बनाने के साथ ही इसकी गणना की जाएगी। दूसरे चरण के तहत, फरवरी 2027 में जनसंख्या की गणना होगी। नितिका गुप्ता, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज सोमनाथ स्वाभिमान पर्व की शुरुआत के अवसर पर देशवासियों को बधाई दी है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि स्वाभिमान पर्व भारत माता की उन अनगिनत संतानों को याद करने का अवसर है, जिन्होंने कभी अपने सिद्धांतों और मूल्यों से समझौता नहीं किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनवरी एक हजार छब्बीस में सोमनाथ पर पहला हमला हुआ था। उन्होंने नागरिकों से हैशटैग सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के साथ अपनी यादें साझा करते हुए उत्सव में शामिल होने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री 11 जनवरी को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर प्रधानमंत्री के संदेश को साझा किया है।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान आज गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार का संकल्प है। मुख्यमंत्री गोरखपुर के दिवंगत पत्रकार एवं रंगकर्मी विवेक अस्थाना के परिवार से भी मिले और उन्हे पांच लाख रूपये की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा।

****

पूर्व कैबिनेट सचिव और नीति आयोग के सदस्य राजीव गाबा ने कहा है कि प्रगति कार्यक्रमों ने देश में बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं के क्रियान्वयन को नई गति प्रदान की है। एक रिपोर्ट–

आकाशवाणी को दिए विशेष साक्षात्कार में पूर्व कैबिनेट सचिव और नीति आयोग के सदस्य राजीव गाबा ने कहा कि प्रौद्योगिकीय विकास, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्ष 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण का मूल आधार है। श्री गाबा ने बताया कि प्रगति योजना के अंतर्गत समीक्षा की जाने वाली कुछ परियोजनाओं का चयन स्वयं प्रधानमंत्री द्वारा किया जाता है। उन्होंने बताया कि चेनाब रेल पुल, नवी मुंबई हवाई अड्डा और असम में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बोगीबील पुल सहित कई वर्षों से बाधित, प्रतिष्ठित परियोजनाओं को प्रगति योजना के जरिए गति मिली है। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।

यह विशेष साक्षात्कार आज रात साढे नौ बजे आकाशवाणी एफएम गोल्ड चैनल और अन्य चैनलों पर प्रसारित किया जाएगा।

****

वाराणसी के सिगरा स्थित डॉक्टर सम्पूर्णानन्द स्पोटर्स स्टेडियम में चल रही बहत्तरवीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप में आज उत्तर प्रदेश की महिला एवं पुरूष टीमों ने अपने–अपने मुकाबले जीतकर अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। महिला टीम ने प्ले ऑफ मुकाबले में गुजरात की टीम को कड़े संघर्ष में पटखनी दे दी। वहीं पुरूष टीम ने प्ले ऑफ मुकाबले में पड़ोसी राज्य उत्तराखण्ड को हरा दिया। मुकाबले की शुरूआत में उत्तराखण्ड की टीम ने कांटे की टक्कर दी लेकिन बाद में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए उत्तराखण्ड की टीम को मात दे दी।

****

सोनभद्र जिले के दुद्धी विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक विजय सिंह गौड़ का आज दोपहर लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह विगत कुछ माह से बीमार चल रहे थे।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश में आज कहीं कहीं घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक कल पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं–कहीं घना कोहरा पड़ने की संभावना है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा। इस बीच, गोरखपुर और इसके आसपास के कुछ अन्य जिलों में आज दिन में थोड़ी देर के लिए धूप निकली, हांलाकि सुबह शाम ठंड से जनजीवन प्रभावित रहा।

****